अगर मैं उसी समय आवाज उठाती तो मैं आज एक ओलंपिक मेडलिस्ट के तौर पर यहां नहीं बैठी होती। अगर मैं तभी आवाज उठाती तो वह मेरी आवाज दब जाती और वह मेरा करियर खत्म कर देता।

– साक्षी मलिक

भारतीय ओलंपिक मेडलिस्ट, बृजभूषण सिंह द्वारा उनका यौन शोषण करने को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

हरभजन सिंह

भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने जलज सक्सेना जैसे खिलाड़ियों को नजरअंदाज करने पर नाराजगी जाहिस की है। उन्होंने चयनकर्ताओं पर निशाना साधते हुए पूछा है कि क्या रणजी ट्रॉफी का अहम नहीं रह गया है। क्योंकि जलज सक्सेना जैसे खिलाड़ी 19 साल तक घरेलू टूर्नामेंट खेलने के बाद भी भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। जलज इंडिया ए की टीम में भी जगह नहीं बना पाए। जलज सक्सेना गुरुवार को रणजी ट्रॉफी में 400 विकेट और 6 हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

क्या आप जानते हैं ?... 2006 में कराची में पाकिस्तान के विरूद्ध खेलते हुए तीसरे टैस्ट के पहले ओवर की अंतिम 3 गेंद पर पठान ने हैट्रिक बनाकर मैच के पहले ओवर में हैट्रिक बनाने वाले दूनिया के पहले गेंदबाज बने।

राहुल और अथिया के घर गूंजने वाली है किलकारियां

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। केएल राहुल के लिए साल 2025 बेहद खास होने वाला है। दरअसल, केएल राहुल की पत्नी और सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं। जी हां, अथिया शादी के दो साल बाद मां बनने वाली हैं। ये खुशखबरी किसी और ने नहीं बल्कि राहुल और अथिया ने दी है।केएल राहुल और अथिया ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि, हमारा सुंदर आशीर्वाद बहुत जल्द आने वाला है। इसके बाद दोनों ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए 2025 लिखकर बच्चे के कदमों के निशान बनाए। इतना ही नहीं, तारे और नजरबट्टू भी बनाया। केएल राहुल ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बॉलीवुड एक्स्ट्रेस अथिया शेट्टी से शादी की थी। वहीं अब उन्होंने पहले बच्चे के जन्म की खुशी भी ऑस्ट्रेलिया सीरीज के समय सुनाई है।

हार्दिक को भारतीय टेस्ट टीम में होना चाहिए या नहीं!

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। टीम इंडिया को इस समय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जरुरत टेस्ट क्रिकेट में है, क्योंकि टीम इंडिया 3-0 से घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार चुकी है और अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सिर पर है। हालांकि, हार्दिक पंड्या आज यानी शुक्रवार 8 नवंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही चार मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का हिस्सा हैं। ऐसे में जब पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा से पूछा गया कि हार्दिक पंड्या की टी20 टीम की जगह टेस्ट टीम में होना चाहिए तो इस पर उथप्पा ने कहा कि ये फैसला उन पर है कि वे क्या सोचते हैं, क्योंकि अपने शरीर और फिटनेस के बारे में वही जानते हैं।रॉबिन उथप्पा से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया कि हार्दिक पंड्या की जरूरत टी20 क्रिकेट में है या फिर टेस्ट क्रिकेट में? इस सवाल के जवाब में रॉबिन उथप्पा ने कहा कि, देखिए ये उनके ऊपर निर्भर है। वह क्या सोचते हैं, वह अपने शरीर को लेकर क्या सोचते हैं? इस पर उनका क्या राय है फिटनेस के बारे में, क्या वे पूरी तरह फिट हैं या फिर चोटिल हो जाएंगे? आपको एक ऑलराउंडर के तौर पर देखना होगा कि उनकी फिटनेस कैसी है। उथप्पा ने आगे कहा कि, डेल स्टेन की तरह बॉडी है उनकी। स्टेन को भी जल्दी चोट लग जाती थी। वह बहुत स्ट्रॉन्ग हैं, लेकिन बहुत दुबले-पतले से हैं। उनको अपनी गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में लगाए गए बल को सहन करने में सक्षम होना चाहिए। हम जानते हैं कि वे पिछले दो-तीन साल से व्हाइट बॉल क्रिकेट में काफी दम लगा रहे हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट वे खेलेंगे तो उनको पता लगेगा कि टेस्ट क्रिकेट उनसे क्या चाहता है।

क्रेजिकोवा डब्ल्यूटीए फाइनल में कोको गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में

रियाद, 8 नवंबर। चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर एकल ऑरेंज ग्रुप की विजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना लिया है। गुरुवार को खेले गये मुकाबले में क्रेजिकोवा ने गॉफ की सर्विस को तोड़कर पहला सेट 7-5 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने ब्रेक के बाद 6-4 से जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब क्रेजिकोवा का सेमीफाइनल में मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का सामना अमेरिका की गॉफ से होगा। युगल सेमीफाइनल में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज का सामना गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ से होगा। मैच के बाद क्रेजिकोवा ने कहा, निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैं अपने खेल और अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह वास्तव में एक बड़ा मैच था।

अर्जुन के 20 अंकों के बावजूद जयपुर को मिली पटना से दो अंको की हार

हैदराबाद, 8 नवंबर। पहले सीजन की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स को अपने स्टार रेडर अर्जुन देसवाल के 20 अंकों के बावजूद पटना पाइरेट्स से शुक्रवार को हार का सामना करना पड़ा। पटना पाइरेट्स के लिए अयान (14) और देवांक (11) ने जयपुर की चमक फीकी की और गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 41वें मैच में तीन बार के चैंपियन पटना ने जयपुर को 43-41 से हरा दिया। पटना की सात मैचों में यह चौथी जीत है जबकि जयपुर के इतने ही मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। यह मैच कितना रोमांचक था, इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहला डू ओर डाई रेड 32वें मिनट में आया।

टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी

भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलना चाहती है

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। भारतीय टीम अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भेजे गए एक लेटर में अपने फैसले के पीछे सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है। बोर्ड ने अपने सभी मैच दुबई में खेलने की इच्छा जताई है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा, यह हमारा फैसला है। हमने को लेटर लिखकर अपने मैच दुबई में कराने को कहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। इस इवेंट के मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में हो सकते हैं।

भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें और के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं। पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

चैपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है। ने टूर्नामेंट के वेन्यू और शेड्यूल का ड्राफ्ट को सौंप दिया है। टूर्नामेंट अगले साल फरवरी-मार्च में खेला जाना है। ड्राफ्ट के मुताबिक, भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

शेड्यूल के मुताबिक भारत के तीन मैच 20 फरवरी (बांग्लादेश से), 23 फरवरी (पाकिस्तान से) और 2 मार्च (न्यूजीलैंड से) को होने हैं। भारत के सभी मैच लाहौर में खेले जा सकते हैं।

संजू सैमसन ने शतक लगाया

भारत ने द. अफ्रीका को दिया 203 रनों का लक्ष्य

डरबन, 8 नवंबर। संजू सैमसन (107)और तिलक वर्मा (33) रनों की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने शुक्रवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 203 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही में अभिषेक शर्मा (सात) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को गेराल्ड कोएत्जी ने मारक्रम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संजू सैमसन के साथ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 66 रन जोड़े। नौवें ओवर में पैट्रिक क्रूगर ने सूर्यकुमार यादव को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुये (21) रन बनाये।

इसके बाद तिलक वर्मा ने सैमसन के साथ तीसरे विकेट लिये 77 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर में तिलक वर्मा आउट हुये। उन्होंने 18 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (33) रन बनाये। संजू सैमसन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों में सात चौके और 10 छक्के लगाते हुये (107) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में एन पीटर ने आउट किया। इसके बाद कोई भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। हार्दिक पंड्या दो रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह (11) और अक्षर पटेल (सात) रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर में यानसन ने अर्शदीप सिंह (चार) को बोल्ड आउट किया लेकिन यह गेंद नो बाल थी। मैच की आखिरी गेंद पर रवि बिश्नोई (एक) रनआउट हुये। अर्शदीप सिंह पांच रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने तीन विकेट लिये। मार्को यानसन, केशव महाराज, एन पीटर और पैट्रिक क्रूग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

एडिलेड, 8 नवंबर। हारिस राउफ (पांच विकेट) और शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (82) तथा अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 64) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 141 गेंदें शेष रहते ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।

164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की सईम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 137 रन जोड़े। 21वें ओवर में एडम जम्पा ने सईम अयूब को हेजलवुड के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। अयूब ने 71 गेंदों में छह छक्के और पांच चौके लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। अब्दुल्लाह शफीक ने 69 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 64) रनों की पारी खेली। बाबर आजम (15) रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने जम्पा के ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का मारकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर एडम जम्पा को एक विकेट मिला।

पाकिस्तान की ओर से हारिस राउफ ने आठ ओवर में 29 रन देकर पांच विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी ने आठ ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट झटके। नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

मैन ऑफ द मैच अरावली क्रिकेट एकेडमी के दानिश बाम्बू रहे

26वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता

जयपुर 08 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 26 वी नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज अरावली क्रिकेट ग्राउण्ड, हाथोज पर खेले गये अन्तिम क्वार्टर फाईनल मैच में दानिश बाम्बू 16 रन पर 3 विकेट, जय गोयल 11 रन 2 विकेट, हिमांशु नेहरा 40 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अरावली क्रिकेट एकेडमी ने राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराकर सेमी फाईनल में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला 12 नवम्बर 2024 को होने वाले सेमीफाईनल मैच में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी से मुकाबला होगा।

टॉस जीतकर अरावली क्रिकेट एकेडमी ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया लेकिन राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज दानिश बाम्बू 16 रन पर 3 विकेट, जय गोयल 11 रन 2 विकेट, हिमांशु नेहरा 40 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष नही टिक सके और सचिन यादव 46 रन व सचिन काकोडिया 24 रन को छोड़कर टीम का कोई भी बल्लेबाज नही टिक सका और पूरी टीम 24.3 ओवर में 103 रन बनाकर सिमट गई।

जनावी पारी में अरावली क्रिकेट एकेडमी के साकेत शर्मा 37, दिव्य गजराज 29 रन, जय गोयल 12 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 14.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 107 रन बनाकर हासिल कर लिया। राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी की ओर से जे.पी. हटवाल 18 रन पर 2 विकेट, राहुल जाट 18 रन पर 2 विकेट व हेमन्त स्वामी, 34 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अरावली क्रिकेट एकेडमी के दानिश बाम्बू रहे जिन्होने 4 ओवर मे 16 रन देकर 3 विकेट लिये।

राहुल द्रविड़ ने सवाई मान सिंह स्टेडियम में लगाया पौधा

जयपुर, 8 नवंबर। राजस्थान रॉयल्स के कार्यक्रम में शामिल होने शुक्रवार को जयपुर आये भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी के बाहर एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत एक पौधा लगाया।

इस अवसर पर शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डा. नीरज के. पवन व सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया भी मौजूद थे।

चीफ कोच की हैसियत से राहुल द्रविड ने भारत को एकदिवसीय वर्ल्ड कप क्रिकेट का खिताब जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व कप के बाद वे अब राजस्थान रायल्स के चीफ कोच की भूमिका निभा रहे है। वे इससे पूर्व चैपिंयन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के तौर पर भी खेल चुके है और अब कोच है। भारत के पूंव कप्तान ने सन् 1996 में भारतीय क्रिकेट टीम में खेलना आरम्भ किया और लगभग 16 साल तक भारत का प्रतिनिधित्व करते रहने के बाद उन्होंने वर्ष 2012 में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया।

राजस्थान के 11 खिलाड़ी एकल मुकाबलों के मुख्य ड्रॉ में

// अंडर-15 एवं अंडर-17 नेशनल रैंकिंग बैडमिन्टन //

जयपुर, 8 नवंबर। राजस्थान के 11 खिलाड़ियों ने यहां चल रही अंडर-15 एवं अंडर-17 नेषनल रैंकिंग प्रतियोगिता के मुख्य ड्रॉ में खेलने की योग्यता हासिल कर ली। शुक्रवार को खेले गये क्वालिफाइंग राउण्ड के एकल के चौथे दौर में राजस्थान के खिलाड़ियों ने जीत हासिल कर मुख्य ड्रॉ में प्रवेष किया। लड़को के युगल में दो जोड़ियों ने भी मुख्य ड्रॉ के लिये क्वालिफाई किया। गुरूवार को राजस्थान की अदविका शर्मा और सुदीप चाहर की जोड़ी भी मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई थी। मुख्य ड्रॉ के मैच शनिवार की सुबह 9 बजे से खेले जायेंगे। ड्रॉ चीफ रेफरी पी. रामाकृषणैया और राजस्थान बैडमिन्टन संघ के संयुक्त सचिव जाकिर हुसैन ने निकाला।

लड़को के अंडर-15 आयु वर्ग में हर्ष कन्डपाल ने तेलंगाना के आर्यन को 15-12, 19-17 से, वयम लाम्बा ने उत्तराखण्ड के 15-11, 15-12 से, हर्ष स्वामी ने मध्यप्रदेष के कव्य शर्मा को 18-20, 15-13, 15-11 से, मानस परवाल ने हरियाणा के समर्थ भारद्वाज से 15-7, 9-15, 15-12 से, दिव्यांष तोमर ने उत्तरप्रदेष के विकास जैन को 15-13, 15-7 से, रूद्राक्ष मिढ्ढा ने तमिलनाडू के अब्दुल्ला एस को 15-7, 15-11 से पराजित किया। इसी आयु वर्ग की लड़कियों के मुकाबलों में नेहल सिसोदिया ने तेलंगाना की अनाया को 12-15, 15-8, 15-11 से, देषना जैन ने महाराष्ट्र की थिआ सेठ को 15-10, 15-9 से, आराध्या टेलर ने महाराष्ट्र की सिद्धी 15-5, 15-8 से पराजित किया। लड़को के अंडर-17 आयु वर्ग में यष सोनी ने कर्नाटक के 13वीं वरीयता प्राप्त गौरव आर को 15-12, 15-12 से हराया। अहान गुप्ता चौथे दौर में वॉक ओवर मिलने के कारण मुख्य दौर में पहुंचे। लड़कियों के अंडर-17 मुकाबले में राजस्थान की अन्वी राठौड़ ने हरियाणा की दिव्या जाखड़ को 16-14, 15-4 से षिकस्त दी। अंडर-15 लड़को के युगल मुकाबलों में राजस्थान के वयम लाम्बा और मनन शर्मा ने आन्ध्रप्रदेष की जोड़ी पी. अमुदलाल और वी. धोन्ती पर 16-14, 15-13 से धमाकेदार जीत दर्ज की। अन्य मुकाबले में आनन्द मदेरणा और आर्यन सिरवी ने उत्तर प्रदेष की जोड़ी पंकज चाहर और शुभम सोलंकी को 11-15, 15-13, 15-10 से हराया।

राज्य स्तरीय अंडर 14 यूथ कप

सौलफील एकेडमी व दी राजस्थान एकेडमी जीती

जयपुर, 8 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर - 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में सोलफील एकेडमी ने लक्ष्य एकेडमी 1 विकेट से हराया तथा दूसरे मैच में दी राजस्थान एकेडमी ने जयपुरिया एकेडमी को 10 विकेट से हराया।

आर जे 14 ग्राउंड पर जयपुरिया एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विशेष झालानी के 35 रन, अश्विन वर्मा के 27 रन व लव के 13 रनों से 42.3 ओवर में 150 रन बनाए। दी राजस्थान एकेडमी के लिए रवि कश्यप ने 18 पर 3, मोहित जाखड़ गुप्ता ने 24 पर 2, भव्य व मनीष ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में दी राजस्थान एकेडमी की टीम ने रवी कश्यप के नाबाद 81 रन व के दिवित के 50 रन नाबाद से 34.2 ओवर में बिना विकेट पर 154 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरे मैच में सोलफील ग्राउंड पर खेले गए मैच में लक्ष्य एकेडमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक के 22 रन, योगीत के सैनी 11 रन व प्रियांश के 15 रनो से 42 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। सौलफील एकेडमी के लिए रौनक चौधरी ने 29 पर 2, शांतनु ने 22 पर 2 व दक्ष ने 12 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में सौलफील एकेडमी ने राघव शर्मा के 42 रन व दक्ष के 28 रन नाबाद से 36 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बना कर मैच जीत किया । लक्ष्य एकेडमी के प्रियांश ने 13 पर 4, योगित सैनी ने 13 पर 2 व मानवेंद्र ने 25 पर 2 विकेट लिए।

राजस्थान के शुभम का रणजी डेब्यू मैच में शतक



जयपुर 8 नवम्बर , बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - हैदराबाद रणजी मैच के तीसरे दिन राजस्थान के प्रतिभावान आल राउंडर शुभम गढ़वाल के पदार्पण रणजी मैच में आतिशी शतक व महिपाल लोमरोर की शानदार शतकीय पारी की सहायता से मजबूत हैदराबाद के खिलाफ रणजी मैच के तीसरे दिन राजस्थान को पहली पारी की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। ।

राजस्थान - हैदराबाद रणजी मैच (तीसरे दिन का स्कोर) , हैदराबाद पहली पारी 410 आल आउट, राजस्थान के गेंदबाज़ अजय सिंह कुकना 139 / 5 , दीपक चाहर 60 / 2 , दीपक हुड्डा 28 / 1 , अराफात खान 43 / 1 व अनिकेत चौधरी 68 / 1 विकेट प्राप्त किये।

राजस्थान पहली पारी 425 आल आउट, मैच के तीसरे दिन राजस्थान के प्रतिभावान आल राउंडर शुभम गढ़वाल ने अपने पदार्पण रणजी मैच में आतिशी शतकीय पारी खेली। आज राजस्थान ने महिपाल लोमरोर ने दूसरे दिन के स्कोर को आगे बढ़ाते हुए शानदार शतकीय पारी (5 छक्के व 12 चोक्के) खेली। महिपाल लोमरोर राजस्थान के चौथे विकेट के रूप में जब पवेलियन लौटे तब राजस्थान का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 216 रन था व टीम संकट में थी , उस समय अपने पदार्पण रणजी मैच में शुभम गढ़वाल ने मध्य क्रम में महत्वपूर्ण साझेदारियां करते हुए न केवल टीम को पहली पारी मैं महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई साथ ही अपने पहले ही रणजी मुकाबले में आतिशी शतक लगाते हुए अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खास बात ये रही की शुभम गढ़वाल ने अपना पहला अर्धशतक छक्के से व पहली शतकीय पारी भी छक्का लगाकर पूरी की जो उनकी प्रतिभा को दर्शाती है। आज राजस्थान के लिए जुबेर अली ने भी पहला अर्धशतक लगाकर अपना योगदान दिया।

शुभम गढ़वाल राजस्थान के 11 वे खिलाडी हैं जिन्होंने अपने पहले ही रणजी मैच में शतकीय पारी खेली। शुभम गढ़वाल ने अपनी 108 रनो (107 गेंद) की पारी में 9 आतिशी छक्के व 8 चोक्के लगाए। टीम के लिए महिपाल लोमरोर 111 , शुभम गढ़वाल 108 , अभिजीत तोमर 60 , जुबेर अली 57 व अराफात खान 32 रनो का योगदान दिया।

हैदराबाद दूसरी पारी 36 / 0 (तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक)

राजस्थान - झारखण्ड कूच बिहार ट्रॉफी मैच, राजस्थान के कप्तान कार्तिक शर्मा दोहरे शतक से चुके : धनबाद में राजस्थान - झारखण्ड टीमों के मध्य खेले जा रहे अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन राजस्थान के कप्तान कार्तिक शर्मा दोहरे शतक से चुके। कार्तिक शर्मा की विशाल पारी की सहायता से राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में विशाल स्कोर बनाया।

राजस्थान पहली पारी 172 आल आउट, झारखण्डपहली पारी 162 आल आउट, राजस्थान के गेंदबाजोंधुर्व 34 / 2 , नर्मल बिश्नोई 39 / 2 , सचिन शर्मा , नावेद , यश व जतिन प्रत्येक ने 1-1 विकेट प्राप्त किये।

राजस्थान दूसरी पारी 418 / 7 घोषित, आज मैच के तीसरे दिन राजस्थान के कप्तान कार्तिक शर्मा ने 181 रनो (104 गेंदें) की विशाल आतिशी पारी खेली। कार्तिक ने अपनी मैराथन पारी में 17 आसमानी छक्के व 10 चोक्के लगाए। राजस्थान के लिए कार्तिक शर्मा के 181 रनो के साथ सचिन शर्मा 52 , पार्थ यादव 61 , अनस नाबाद 55 , नावेद 18 , तोषित भाटिया 17 व जतिन 15 रनो का योगदान दिया। झारखण्ड दूसरी पारी 54 / 1 (तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक, राजस्थान के गेंदबाज 42 / 1 विकेट प्राप्त किया।

राजस्थान - मेघालय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच, पहले दिन राजस्थान के सुमित गोदारा का शतक: राजस्थान पहले पारी 271 / 7, राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आज से जयपुर में के एल सैनी स्टेडियम में शुरू हुए राजस्थान - मेघालय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच के पहले दिनटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने सुमित गोदारा की शतकीय पारी की सहायता से पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 271 रन बना लिए थे।

टीम के लिए सुमित गोदारा (2 छक्के व 9 चौक्के) , राज शर्मा 34 , करण लाम्बा 27 , मुकुल चौधरी 21 , चेतन शर्मा 19 रनो का योगदान दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक रौनक गौड़ नाबाद 12 व अशोक शर्मा नाबाद 6 रन बनाकर खेल रहे हैं।

एशियाई टीमों में अब पाकिस्तान ने भारत को पीछे छोड़ दिया

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 75 वनडे इंटरनेशनल मैच जीते हैं, इसके बाद इंग्लैंड का नाम आता है, जिसने ऑस्ट्रेलिया में 53 मैच जीते हैं। पाकिस्तान तीसरे नंबर पर 41 मैचों मे जीत के साथ है। वहीं भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 40 मैच जीते हैं। एशियाई टीमों में अब पाकिस्तान ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मैच तीन विकेट से जीता था।मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीता और ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में ही 163 रनों पर ऑलराउडर हो गई। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। वहीं शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 35 रनों का योगदान दिया। स्मिथ के अलावा किसी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने 20 रन तक नहीं बनाए। 13 से 19 रनों के बीच बाकी बल्लेबाज आउट होते गए।

रामबाग गोल्फ क्लब चुनाव, द्विवार्षिक चुनाव आज

जयपुर, 8 नवंबर। राजस्थान रामबाग गोल्फ क्लब के दो साल में होने वाले चुनाव 9 नवंबर को होंगे । राम बाग गोल्फ क्लब के आगामी चुनावों में एक प्रभावशाली और प्रतिबद्ध टीम हिस्सा ले रही है। क्लब के सुधार और विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली यह टीम अब एक और कार्यकाल के लिए तैयार है। चुनावों में सभी उम्मीदवारों का उद्देश्य क्लब की उन्नित और सदस्यों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करना है। इस टीम में ऐसे पदाधिकारी शामिल हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता और अनुभव रखते हैं।

इस वर्ष 2 ग्रुप चुनाव लड़ रहे हैं और अपनी चुनाव तैयारियों में जुट गए हैं रामबाग गोल्फ़ क्लब के दो ग्रुप में आमने सामने है। दोनो ग्रुप से ग्यारह ग्यारह प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं। चुनाव में कैप्टन पद के लिए शिरीष संचेती और योगेन्द्र सिंह चुनाव मैदान में हैं वहीं सचिव पद के लिए समृद्ध शर्मा व हेमंत सिंह अपना भाग्य आज़मा रहे हैं।

कोषाध्यक्ष पद के लिए संजीव चौधरी ,गिर्राज अग्रवाल और संयुक्त सचिव के दो पदों के लिए डॉ अजयवीर खुराना और नवरत्न राठौड़ , योगेश बंसल योगेंद्र बंसल ,डोली शेरगिल चुनाव लड़ रहे हैं इसके अलावा अलावा छह एक्जिक्यूटिव कमेटी मेंबर के लिए भी कई सदस्य चुनाव मैदान में हैं।

कार्यकारी सदस्य: टीम में विक्रम जोशी, शरद अग्रवाल, अजय सिंह खींची, सी.पी. मीणा, अर्चित तिवारी और सत्य नारायण चौहान जैसे अनुभवी सदस्य भी शामिल हैं। इनके कुशल योगदान से क्लब के विकास कार्यों में तेजी आई है और क्लब को नई दिशा देने में मदद मिली है।

चुनाव अधिकारी एडवोकेट ए के गुप्ता और संदीप माथुर ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लिए एक उत्कृष्ट खेल और मनोरंजन अनुभव सुनिश्चित करना टीम का प्रमुख लक्ष्य रहेगा।